वर्षा वन अनुसंधान संस्थान में हिन्दी कार्यशाला का आयोजन

संस्थान के सम्मेलन कक्ष में दिनांक 28 मार्च, 2016 को अपराह्न 3 बजे एक हिन्दी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में डॉ. आर.एस.सी. जयराज, निदेशक, व.व.अ.सं. जोरहाट एवं प्रभागों के प्रभागाध्यक्ष व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित थे। कार्यशाला के प्रारंभ में हिन्दी प्रकोष्ठ की ओर से डॉ. विपिन प्रकाश, वैज्ञानिक-डी (प्रभारी, हिन्दी अधिकारी) ने सभी कर्मचारियों का स्वागत किया और हिन्दी कार्यशाला की उपयोगिता संबंधी जानकारी दी। स्वागत भाषण के उपरांत हिन्दी शिक्षण योजना के तहत हिन्दी भाषा परीक्षा पास कार्मिकों को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र, सम्मानीय निदेशक महोदय, डॉ. जयराज (अध्यक्ष, राकास) के द्वारा वितरण किए गए। इसी अवसर पर वर्ष 2014-15 के लिए सरकारी कामकाज (टिप्पणी/आलेखन) मूल रूप से हिन्दी में करने के लिए प्रोत्साहन स्वरूप तीन कार्मिकों को पुरस्कार प्रदान किया गया जिनमें श्रीमती दीपान्विता डेका, उच्च श्रेणी लिपिक को प्रथम, श्रीमती प्रीतिमणि दास बोरा, पुस्तकालय सूचना सहायक को द्वितीय और श्री प्रतुल हजारिका, अनुसंधान सहायक को तृतीय प्रमुख पुरस्कार प्राप्त-कर्ता हैं।

पुरस्कार वितरण के उपरांत, डॉ. आर.एस.सी. जयराज, निदेशक एवं अध्यक्ष, राकास ने अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रतिभागियों को राजभाषा हिन्दी को बढ़ावा देने के लिए एवं कार्मिकों को विभिन्न पत्रिकाओं में हिन्दी में शोध पत्र, लेख आदि प्रकाशित करवाने का सुझाव दिया। कार्यशाला में श्री शंकर शर्मा, कनिष्ठ हिन्दी अनुवादक ने उपस्थित प्रतिभागियों को राजभाषा हिन्दी से संबंधित विभिन्न पहलुओं का परिचय दिया। उनको विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई। व्यावहारिक ज्ञान के उपरान्त कर्मचारियों को हिन्दी में काम करने के लिए सहायक सामग्री दी गई और उनकी समस्यओं का निराकरण किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन द्वारा कार्यशाला का समापन हुआ।

हिन्दी कार्यशाला में पुरस्कार प्राप्त करते कर्मी एवं उपस्थित प्रतिभागी